सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय,अल्मोड़ा, उत्तराखंड

परीक्षा नियंत्रक कार्यालय, प्रशासनिक भवन, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा– 263601

परीक्षा नियंत्रक

www.ssju.ac.in Email- coessjualmora@gmail.com

पत्रांक संख्या : SSJU/Exam/2026/ 7697 दिनांक 19.11.2026

सेवा में,

1. परिसर निदेशक, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, बागेश्वर, चम्पावत, परिसर।
2. प्राचार्य समस्त संबद्ध महाविद्यालय, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा।
3. समस्त परीक्षा प्रभारी परिसर/संबद्ध महाविद्यालय।
4. समस्त समर्थ नोडल प्रभारी परिसर/संबद्ध महाविद्यालय।

विषय : अधिकांश विद्यार्थियों द्वारा परीक्षा फॉर्म पूरित न करने एवं पूरित हुए फॉर्म परिसर/महाविद्यालय से प्रमाणित न होने के कारण आवेदन तिथि विस्तारित करने संबंधी।

महोदय,

मुझे आपको अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित समय से परीक्षा का आयोजन कराने के प्रयोजन से दिनांक 27.10.2026 से स्नातक तृतीय पंचम तथा स्नातकोत्तर तृतीय सेमेंस्टर के परीक्षा फॉर्म पूरित करने हेतु समर्थ पोर्टल 12.11.2026 तक उपलब्ध कराया था, परन्तु उपरोक्त तिथि तक अधिकांश छात्रों द्वारा परीक्षाओं के फॉर्म पूरित नही किये गये इसके उपरांत 12.11.2026 को विश्वविद्यालय द्वारा सार्वजनिक अवकाश के दौरान भी इन फॉर्मो की तिथि 18.11.2026 तक विस्तारित करने के साथ ही स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म पूरित करने हेतु उपलब्ध कराये गये परन्तु विश्वविद्यालय के बार–बार परिसरों/महाविद्यालयों से आग्रह करने के उपरांत भी वर्तमान तक उपरोक्त पाठ्यक्रमों के 22348 विद्यार्थियों में से मात्र 16500 छात्रों द्वारा ही परीक्षा फॉर्म पूरित किया गया है, पूरित फॉर्मो में से मात्र 2200 फॉर्मो का सत्यापन परिसर/महाविद्यालय/विभाग स्तर से हुआ है। जिन छात्रों के फॉर्म प्रमाणित नही हो पायेंगे उनके प्रवेश पत्र/वैरिफिकेशन कार्ड एवं नोमीनल रोल प्राप्त नहीं किया जा सकता है जो परीक्षा करवाने हेतु आवश्यक है।

माननीय कुलपति महोदय द्वारा परीक्षा फॉर्म भरने एवं प्रमाणित करने की स्थिति पर नाराजगी व्यक्त की गई है। तथा परीक्षाओं हेतु आवेदन करने की तिथि को अंतिम बार विस्तारित करने का अनुमोदन किया है।

उपरोक्त स्थिति को देखते हुए उपरोक्त पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन करने की तिथि को छात्र हित में 26.11.2026 तक विस्तारित किया जाता है।

अतः पुनः आग्रह किया जाता है कि छात्रों को विस्तारित तिथि तक परीक्षा फॉर्म भरने के लिए प्रोत्साहित/अभिप्रेरित करने के साथ ही परीक्षा फॉर्म सत्यापित करने के कार्य की गति में तीव्रता लायें जिससे विस्तारित तिथि तक सभी विद्यार्थी परीक्षा फॉर्म पूरित होने के साथ ही सत्यापित भी हो सके।

कृपया इस कार्य को शीर्ष शीर्ष वरीयता देने का कष्ट करें।

परीक्षा नियंत्रक
Controller Of Examination
Soban Singh Jeena University
Almora-263601
(Uttarakhand)
19/11/26

प्रतिलिपि : निम्न को सूचनार्थ प्रेषित –

6. निदेशक उच्च शिक्षा नवाड़खेड़ा, हल्द्वानी।
7. कुलसचिव, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा।
8. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा।
9. निजी सचिव, सचिव उच्च शिक्षा उत्तराखण्ड शासन को मा0 उच्च शिक्षा सचिव के सूचनार्थ प्रेषित।
10. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ प्रेषित।
11. विश्वविद्यालय मीडिया प्रभारी को समस्त मीडिया संस्थानों को सूचना के प्रचार–प्रसार हेतु प्रेषित

परीक्षा नियंत्रक